ना तरु वास छांडि या ठौरहू ॥ जाउ जहां चाहो तहां औरहू ॥ आल्हा सुनि माता ढिग आयो ॥ कही राज सो आय सुनायो ॥ घर बैठी देवल देखाजी ॥ पूत बकेरा देन न कीजी ॥ बास छांड़ि कन वज कों चलिये ॥ जाग बद्दल पंगुल ते मिलिये ॥ साहुन वाहुन सबही लीनें ॥ कनवज देस पिया ने कीनें ॥ जागीरी मोपति की भारी ॥ वस्ती सबै उजारि पजारी ॥ पबि पाटी परि हार सु चुक्किय ॥ ऊदलि मुख काहू रहि रुक्किय ॥ छप्पै ॥ आल्ह कियो कनवज्ज चाव पृथी राज देसदल ॥ मोपति की जागीर धीर उज्जारि जारि बल ॥ करि आदर जय चर दीन वड देस सुभारी ॥ घोरे पांच मगाय दोइ हाथी हित कारी ॥ मोतीर माल उतंग अति हीरा पहुंची सुद्धरिय ॥ परिमाल सुतन सौंप्यो अधिक मिलिय मान मंगल भरिय ॥ दोहा ॥ चंद कहै पृथी राज सों बिसरयो आल्ह गवाय ॥ मनहुं बनाफल आइ हैं रुंडनि मुंडन चाय ॥ छप्पै ॥ गय बजगन कन वज्जद इय आल्हन कों पची ॥ ऊदलि इंदलि जोगि दई देवल दे मंत्री ॥ पृथी राज पद्दे र सज्जि महुवे चढि आइव ॥ मल्लि खान जे सिंह वती नर सिंह जुझाइव ॥ भरि भंजि सरिस मानगर नृप देश चंदेल दहाइव ॥ पृथी राज थंभि है मास लौं मैं तुम पास पठाइव ॥ चौपाई ॥ जंव तुम आल्हनिकासि करि चल्लिव ॥ मल्हन दे अति दुकव उगिल्लिव ॥ मल्हन बैठी महल निवाट सजोवै ॥ कनवज दिसा देखिकै रोवै ॥ अति दल जोरि पिथोरा आयो ॥ सगरो देश उजारि दहायो ॥ जि चंद्र को अर दास लिखाइय ॥ सो

गुरु आल्ह क हो तुम जाइय॥ कुमक मागि बेगहि सं
ग लीजे॥ स्वर्ग नि खेल बना फल कीजे॥ इतनी बात
जगन सी कही॥ सुनि आल्हा की देही दही॥ छपै॥
सुनि जग निक की बात आल्ह बोल्यो इमि बानी॥ लु-
टो महोबो नगर कुटो परिमाल गुमानी॥ बिनाचूक
परिमाल किय परदेश निन्यारे॥ काम आय जस राज
सबे नृप काज सुधारे॥ परिहार सेन आगें धरो लरें चा
रि करि बान सों॥ सामंत सूर सन मुकव ह्वे जुद्ध करहु
चहु आन सों॥ चौपाई॥ जग निक भाट बचन इमि बु
ल्लिव॥ अब तुम आल्ह महोबे चल्लिव॥ भगि है भरम
चंदेल नु को सब॥ आल्हा सुनि पछिता आगे तब॥
सुनि जग निक यह बात सुमानी॥ हम यह राज कछू
नहिं जानी॥ हम सिर बांधि महोबो रक्खिव॥ नृप चंदेल
चुगल सुख दिक्खिव॥ छपै॥ हम मारे वह गोंडदेव
गर चंदा वारे॥ हम जांदो करि जुद्ध धारि चंदेल उधारे॥
॥ हम कट हरिया काटि दट्टि परिमाल देश दल॥ हम को-
तुक किरवान लूटि लीने सु सबै तुल॥ लीनि सु पील ज-
य चंद के असिय लाख गिनि यो सु तुछ॥ सुनि भाट बात
रजपूत की राज नि जानी नाहि कुछ॥१॥ हम आगे प-
ति साह फौज भागी दस वारइ॥ हमन सतरिया काटि
कियो दल कूटि प्रवारइ॥ हम जीती धर गया और दल
प्रबल पठानइ॥ हम बांध्यो सिर नेत खेत दल विरचि
अमानइ॥ मेवाति मारि पद्धर करिय अंतर बेदद-
हाइयो॥ बंघेल मारि बसुधा हरी गढ़ चंदेल लगाइयो॥
॥ चौपाई॥ राजा दस जीते जस राजइ॥ लीनी धर कंचन

की साजह॥ ताको फल राजा यह कीनो॥ हम कों देश
निकारो दीनो॥ ता पाछे हमरख्याल सु कीनों॥ राजा जी-
ति इक ति कर लीनो॥ सात बार ऊदल जुध कीनो॥ जै-
त पत्र चंदेल हि दीनो॥ छंपै॥ सात वार पर धवल ल-
गे चौरासी गातह॥ जीति राव इक तीसरी स करि से-
नि सु सातह॥ स्वामि धर्म उज्जल करिव दुर्जन द-
ल जोरह॥ गौंड मारि उज्जारि वारि नसतर कर तोरह॥
॥ वज्जाइ लोह तेरह वरस पंचास नि लगि छांह किय॥
चंदेल चुगल मानी कही तीजे पन पर देश दिय॥ १॥
छंद पद्धरी॥ सुनि भाट वोलि उच्चरि व तान॥ आल्हन
नरेस सो सुनि य कान॥ परिमाल छांडि वाल क वप्प-
जय माल धराजस राज चप्प॥ चंद्रा संपर्व लिय उभै
दंड॥ वारीस देश दल कियो खंड॥ रै वास पार की लू-
टि सर्व॥ मानियो वीर जीता सु गर्व॥ जइ वाराय खर्ग-
निखिलाइ॥ मेवाति मारि धर लई धाइ॥ पंजाब देश
पंजाब ध्यान॥ वैराट देश को गर्व मान॥ मालवा देश
लिय पेस मारि॥ उड्डिय-पमार की धर उजारि॥ चंदे-
ल राज बढ़ाइ दीन॥ फिरि गढ़ा मारि गढ़ पेस कीन॥
यह सुनिव वात परिमाल राज॥ आये सु काम जस रा-
ज काज॥ सिर धुनिव आल्ह लीने वुलाय॥ आपनो
देसु दल सव वताय॥ तरवारि वांधि सिर द्वार कीने॥
हैवर मगाय तेहि वेर दीन॥ कय सेव अप्र ठाकुर सु-
सुद्ध॥ वाजियोव ठाकुर नाम सुद्ध॥ वैठंत राज अल्हन न-
रेस॥ मारियो जाइ पूरव्व देश॥ पठान गया के जेर की-
न॥ तहं गर्व कोट इक लूटि लीन॥ जीतियो जुद्ध नि-

स रत्य जाय ॥ सम सह्या वा दरबर्ग नि खिलाय ॥ के हरि
कंढ रिकै मच्च मारि ॥ लीन सु पील जय चंद धारि ॥ हिं
डोन देश जादो दहाय ॥ लूटियो सिद्धि नव निद्धि पाय ॥
पति साह फौज कई बेर मारि ॥ चालु कसि कव को गर्व
गारि ॥ सत बार खेत परियो सु दंद ॥ धरि स्वामि धर्म ज-
स राज नंद ॥ सांकरे स्वामि छंडे सु जाय ॥ अघोर नर-
क गहरे पराय ॥ तुम सही आज कनवज्ज चाव ॥ सां
कर परेकि चंदेल राव ॥ तुहि होत बधाई नृपति की
न ॥ धरि चामर मल्हन दे प्रबीन ॥ करि रुदन मल्हन दे
कह्यौ मोहि ॥ सो मात दिवल दे कह्यौ तोहि ॥ दोहा ॥ दे-
वल दे कानन सुनो कहि मल्हन दे मोहि ॥ भीर परी चं-
देल पैंहै मिलिवे की तोहि ॥ चौपाई ॥ देवल दे तुम बां
ची वंदिय ॥ अरि परि माल धारना संधिय ॥ गढ़ सोंना
नि लग्यो पृथि राजे ॥ आल्हा सीख देहु तुम काजे ॥ बां
चि व्यास बाद्दल सुख गाई ॥ वाचा जग मैं सुकति कहाई ॥
जो कुछ बांचि दिवल दे बुल्लिव ॥ आल्हा सुनत महो-
वे चल्लिव ॥ पृथी राज सों जुद्ध सु कीजे ॥ स्वामि धर्म को फ-
ल अव लीजे ॥ तब ऊदलि यह बोलिब बानी ॥ हो महो-
बे की चूरा घानी ॥ बुरे हाल काढ़े परिमालह ॥ सो सब
भूलि गई अब ख्यालह ॥ जगनि क उद्दलि को समझावहि ॥
कीजे सो जगमें जसु पावहि ॥ माता दीन बचन करि रो-
ई ॥ तैं सब बना फल नि की खोई ॥ स्वामि कान दुनि देख
न कढ्ढिय ॥ हय कर तार कूखि किन फढ्ढिय ॥ छंप्पे ॥
आल्ह उद्दलिय सुनत उद्धि सुरडाय बीर दुहु ॥ मातसु
कव मानि यो जाय हम मरैं कुटुन सुहु ॥ लरैं धरैं सिर-

धर्म कटैं किर वान पान धरि॥ करैं जुद्ध भरि पूर जाहि॥ श्रोणित समुद्र तरि॥ जोगिनिय गिद्ध भायो करिहिं हूर बेरें सूरनि घनिय॥ तो कोखि मात उज्जल करहिं॥ चलि भेंटें संभरि धनिय॥ दोहा॥ चलन महोवे की सुनी देवल दे सुख पाइ॥ अरज करन जय चंद सों चले बनाफल राइ॥१॥ देखि नयन जय चंद बोलि आल्हन सों बानी॥ कों आए दरवार उद्धि इहि बेर गुमानी॥ कसे कवच इक अंग जंग कंदल कसि भारिय॥ बिदा किये कहुं नाहिं नाहिं हंकारि पुकारिय॥ इमि कहत बनाफल जोरि कर लेन सुजगनिक आइयो॥ पृथी राज महोबे जुद्ध कों सुहम परिमाल बुलाइयो॥ चौपाई॥ नैंन रतन करि बोले बानी॥ भरिवे काज महोबे ठानी॥ अवलों नोंन हमारो खायो॥ चंदेलन ढिग मरन बुलायो॥ सगरी नाव जाय बंद कीजे॥ आल्हा ऊदल जान न दीजे॥ छामनि करहु हमारे पासहि॥ छांड़हु अबै महोबे आसहि॥ तब आल्हन्नि रतन किये नैंन॥ सुनि जय चंद नृपति के बैन॥ कनवज लूटि रिद्धि सब हरि हैं॥ पाछें जुद्ध महोबे करि हैं॥ आल्हा पंग क्रोध जब भये॥ ऊदल शस्त्र हाथ में लये॥ तब जगनिक कहि बिरद बिसालह॥ दीनी अरज लिखी परिमालह॥ छंपै॥ गढ़ दुर्गम खल भलत अरहुय परत गिरगिरि॥ तृण वण घन टूटंत धरनि धस संमति हयन भरि॥ सर संभन खल भलत डिडिडिडुाय क रकवय॥ कमट पीढ़ि कलमलति पहुमि परभय रूब रकवय॥ जय चंद पयान प्रसंभरति पुनि ब्रह्म मंड

बिछुट्टिहै ॥ नन चलहु न चलिनन चलिन चलि सु-
मभा चल हतो प्रलय पल ट्टिहै ॥ चौपाई ॥ अरजी
बांचि बिरद सुनिभारी ॥ कछु आल्हा को क्रोध निहा
री ॥ करैं चाकरी सेवा ठाई ॥ पृथी राज पर कुमकपठा-
ई ॥ छंपे ॥ बांचि अरज जय चंद कहे सुख बचन भा-
ट वर ॥ करै चाकरी प्रगट करहु उपर आतुर कर ॥
पृथी राज पल्हैरें सेनि वड़ आय सो किन्निय ॥ कुट्टिस
रि संभा नगर लुट्टि धरनी धर लि न्निय ॥ वुल्लाइकु-
मर संग आंल्ह के जुद्ध सभर भर लि ज्जिये ॥ संभारि
गेन बिजय पाल सुब तुम जुरि पिंगुरि किज्जिये ॥ दो-
हा ॥ बांचि अंरज जय चंद नृप बोलि दिमान हजूर ॥
बिदा करो सेना सजो आल्हा संग जरूर ॥ छंद मोती
दाम ॥ बिदा किये आल्ह सुपंगुल राय ॥ दिये दस-
हय वर साज बनाय ॥ दिये दुय पील सुउज्वल दंत ॥
छहु न्रतु छाय रहै मय मंत ॥ दई दस बीनि कै मोति ॥
य माल ॥ दई कर पहुंचिय रुद्द बिसाल ॥ दिये सिरो
पाय क सब्बि य सात ॥ निरक्खत चंद सुसिक्कत जात ॥
॥ कटारी जराव की दीनी हैं दोइ ॥ रखो तुम आल्ह
छत्री धर्म सोइ ॥ बोल्यो इमि लक्खन सी कम धुज्ज ॥
धरे भ्रम सीस सकज्जिय लज्ज ॥ दई संग फौज पचास
हजार ॥ दये दस डील बताइ जुझार ॥ दिये संग मोरि
य रूप सु सुद्ध ॥ दिये संग चालुक केसव जुद्ध ॥ दिये
सिक्क वार सुकूरम पाल ॥ दिये संग बैस सुबै तत काल ॥
॥ दिये चहु आन सुमंगल राय ॥ दिये संग बाबुल
सेंगर पाय ॥ दिये संग सेंगर राय अमान ॥ दिये सें-

ग ताल्हन बेग पठान ॥ हजार पचास दिये असवार।
धरें सिर सा मत धर्म दतार ॥ दिये नृप आल्ह को पा-
न मगाइ ॥ लई नृप सीख चंदेल सहाइ ॥ जग न्निक-
कारन पील मगाय ॥ समर्प्पिय पिंगुल साज वनाय ॥
दिये सिरो पाय तुरी दुइ सुद्ध ॥ दई द्रवि वीस हजार ।
विबुद्ध ॥ दये दुइ ग्राम सुपत्र लिखाय ॥ सम्र प्पिय भाट
सु पिंगुल राय ॥ उठे जय चंद बिदा किये आल्ह॥ सम ।
प्पियं फौज तबै तत काल ॥ पधारिय आल्ह हवेलिय सु-
द्ध ॥ धरें हिय मांक पियो रा जुद्ध॥ हवेली सु आल्ह चलाव
सु कीन्ह ॥ मगाय कें पाल की पांच नवीन ॥ चढ़ायकै दे-
स चले सुख सूर ॥ दुहूं ठाकुराय लि देअ जरूर ॥ चले
चलि ऊदलि जोध सुवाह ॥ गही सु महोंबे की फेरि ।
कै राह ॥ कगव के पारथि पूजन आल्ह ॥ अगन्नित
आय तिते तत काल ॥ बधे कर वान चढ़े हय सोइ ॥ च-
ले चढि उदलि सुक्कत होइ ॥ चले जगनि क किये जुध
चाच ॥ अवै सुख मानि चंदेल निराव ॥ निक सिक न-
ब्ब जवाहिर सोइ ॥ तहां भयो सोन छत्री भय होइ ॥
सनम्मुख काक करालिय कूक ॥ भयो दिसि जैमनी
ओर उलूक ॥ ठठ क्किय भाट निरक्खि सु गुन्न ॥ ल
खी लरु आल्ह मुसक्कि बदन्न ॥ चौपाई ॥ मुस ।
कि आल्ह फिरि बोलिब बानी ॥ तैं कालु होन हार की
जानी ॥ सामत सूर अटल भर रक्खिय ॥ औ कवि ।
चंद भवानी भक्खिय ॥ उनसों जुद्ध न जीते कोइय ॥
हिंदू तुरक मिलें दल दोइय ॥ पात साह लरि उन सों-
हारो ॥ कनवज पति को गर्व प्रहारो ॥ दोहा ॥ होन हार

ऐसी लिखी कही आल्ह अकुलाय॥ हम सामंत नि-
चूकि हैं राज चँदेल सुजाय॥ छप्पै॥ दुरजोधन प-
रि माल जबै बरज्यौ नहि मान्यो॥ तब घायल मरवाइ
वात हम तबही जान्यो॥ फिरि फिरि ऊदल बरजियो
करी विनती हित कारी॥ चुगल नि चुगली करी बात
बिगरी अति भारी॥ हम देखत तौ परिमाल को जान दु
ख देख्यौ नही॥ सुनि भाट वात रजपूत फिरि हंसि
आल्ह ऐसे कही॥ चौपाई॥ जगनि कहा सुम सबं जा-
नी॥होन हार अबि गति नहि मानी॥ गंगा तट डेरा कर-
वाए॥ कुमक दई सो आनि मिलाए॥ लकतन सी जा-
ल्हन सी होई॥ इनमिलि अल्ह मित्र ता होई॥ दोहा॥
मिज मानी देवल करी संग एक ही साज॥ अन्न घृत्तप-
कवान सत बहुते स्वाद समाज॥ रति रहे उतरे नदी च-
ले मझैवे वार॥ कुमक लिये जय चंद की बिक्रम वीर
जुझार॥ छंद पद्धरी॥ चढ़ि चलिव आल्ह ऊदल्लि सोइ॥
उर आमि धर्म रतें बिलोइ॥ गंजिये गंभि बज्जिय नि-
सान॥ सज्जिय जुवान अति जोर वान॥ धरि पील अ-
ग्गि पंचास पंच॥ चलिये सु ढील करिये न रंच॥ जै
मने शब्द आरस्स कीन॥ भखनील कंठ सुख भकिव-
लीन॥ चम चमिय मेघ पच्छिम दिसान॥ यह चित्र
जानि लखि बिध वान॥ फिक्करिय डोरि आड़ी सु आय॥
जंबूक शब्द बोले कुमाय॥ सुरज्ज मौरु डुंक क-
बंधि दिक्खिव॥ यह चित्र जोर लख्यौ सलक्खिव॥ हंसि
कहिय बेर अब काल लखाइ॥ रजपूत मरन मंगल
बताइ॥ इहि बात सोच कीजे न कोइ॥ रजपूत वान

इक बिकट होइ॥ दर कूँच कूँच कीने पयान॥ किय जुद्ध चाव मन उमग मान॥ कछु एक हीव समर हे न चाय॥ परिमाल हेत करि बंधि भाय॥ ताडंत तुरी मारंत सिंह॥ सुवभव्य वात भुग वैसु हिंह॥ चहुँआन प्रतिज्ञा किये जोध॥ परिमाल पांन लखि कीबिबोध॥ पठ्ठाइ दीन कासिद्द एक॥ आये सु जोध इह वात मेक॥ केसरि मगाय केसरिय कीन॥ सेवा मगांय सुख सों अधीन॥ उत साह हर्ष किय सभा लोय॥ सांकरे स्वामि जाने सु लोय॥ कासिद्द पैठे परिमाल पास॥ बैठियो भूप ऊंचे अवास॥ गुद्दरिय खवरि दरबार जाय॥ आये सु बनाफल दोय भाय॥ दरवार जाय बोल्यो जरूर॥ आये सु आल्ह सेवा हजूर॥ सुनि राज हर्षमन बहुत कीन॥ उच्चरिय बचन चंदेल दीन॥ केती कसेन आल्हन्न लाय॥ बोल्यो सु दीन कासिद्द चाय॥ हैसत सु पील सेना सुभाय॥ पंचास सहस दइ पंगु राय॥ लक्खन भतीज नृप संग दीन॥ सरदार आठ हैं दंभ प्रवीन॥ ताल्हन पठान लाखन कुलीन॥ आल्हन्न काज ऊपर सु कीन॥ दोहा॥ सुनि वानी कासिद्द की किये नगारे बेन॥ साज बाज सब साजि कै सजि आये सब सेन॥ देवल दे जग निक संग चली महोवे धाय॥ मल्हन दे सुनि खवरि को आगे भई सुगाय॥ मिली बाग में आय के अंग सों अंग मिलाइ॥ एक पाल की बैठि कै भूप सुवन घर जाइ॥

देवल दे रानी निकट कहि कनवज की बात॥ बचन कहे जे चंद ने ते सब करे विख्यात॥ जगनि द को हाथी

छ्यो होय गाम अज घट्ट ॥ भाटनि. वाजि चंदेल ने करी वड्डाई भट्ट ॥ असवारी राजा सजी संग ब्रह्मा जीतली नातुरी बैठि परिमाल जू आल्ह मिलायो कीन ॥ आय आल्ह ससु हैं चले लाखन ताल्हन संग ॥ मिले आ-य सब वीच में भेंटे राजनि अंग ॥ छंद हनूफाल ॥ चढ़ि चले आल्ह अमान ॥ परिमाल आदुय-जान ॥ सिर पाय कीन सु अंग ॥ चढ़ि चले आल्हनि सं-ग ॥ मिलि सबै निकट सु आय ॥ परिमाल संग लगाय ॥ मिलि टाकं रूप जवीन ॥ चंदेल आदर कीन ॥ चा लुक्क केशव दास ॥ परिमाल मिलि बकुलास ॥ तोमर सु बोहित आय ॥ मिलि नृपति के लगि पाय ॥ चलि जद्दवंद सु बाल ॥ मिलि हेत करि परिमाल ॥ चक्कु आन मंगल आय ॥ मिलि योन रेस सु धाय ॥ वड़गुज्ज रं सौ निंग ॥ मिलियो सु राजनि अंग ॥ मिलि सिक्कूर-म पाल ॥ उठि अभ्र राज निहाल ॥ सेगर बराय अमान ॥ ॥ मिलि भूप नूपुर वान ॥ मिलि बैस अग्र सु काल ॥ मि-लियो सु उठि परिमाल ॥ ढिग आय ताल्हन वेग ॥ प-ट्ठान मिलिय सतेग ॥ जय चंद कुशल पुछाइ ॥ फुर मान सीस चढ़ाइ ॥ दिय आल्ह कारन राय ॥ परग-ने चारि बताइ ॥ मंगाइ हाथी दोइ ॥ संमप्पि आल्ह-न सोइ ॥ मंगाइ मोती माल ॥ पहुंची जवाहर लाल ॥ सिर पेंच पन्ना पान ॥ मिलि जोति छाई भान ॥ नृप जाल कंधे दीन ॥ सन मान बहु विधि कीन ॥ ऊदलि सु लागिव पाय ॥ नृप बोलि कंठ लगाय ॥ दिय तुरी तर-ह साजि ॥ सुबरंन साज समाजि ॥ रानी सुनिकट सु-

लाय ॥ न्योछावरैं, करवाय ॥ करि अरज मल्हनह ॥ ये बात मोकों देहु ॥ फिरि आल्ह बोले तास ॥ मोसी तिहारे काम ॥ मोतीन आरति कीन ॥ या भांति आदर लीन ॥ सुख मानि सब मिलि भूप ॥ गये सभा सुभग स्वरूप ॥ दोहा ॥ आल्हा की ज़ुबिदा करी नृपति हवेली काज ॥ फौज उतारी पंगु की बाग़न सों रुसमाज ॥ आल्हा आये सात दिन भई खबरि पृथिराज ॥ बोलि कान्ह कै मासभर कियो लरन को साज ॥ छंद ॥ बोलि कान्ह कय मास बोलि सामंत महाभर ॥ बोलि चंद पुंडीर बोलि चामंड मंडवर ॥ बोलि लखन परिहार बोलि पज्जून महा मति ॥ बोलि जंगराराय बोलि कन कंध्र बिरद पति ॥ कम धुज्ज राय निंडुर बुलिव वरदायक अरु बुल्लियव ॥ सब मिलि स सूर सामंत हो तंत्र मंत्र सव खुल्लियव ॥ दोहा ॥ कहै चंद पृथी राज सुनि ढील न कीजि नेत ॥ आयो आल्ह कनौज ते सहस पचास समेत ॥ चौपाई ॥ आल्हा सहस पचास कलायो ॥ पंगभती जो संग पठायो ॥ आय आल्ह सात दिन बीते ॥ कीजे जुद्ध चंदेल न जीते ॥ दोहा ॥ सुनि बानी कबि चंद की पृथी राज महा राज ॥ हुकम कियो कागद लिखो वेगि चँदेले काज ॥ चौपाई ॥ दोइ मास हम छावनि कीनी ॥ क्षत्री धर्म कारने चीनी ॥ अब चंदेल जुद्ध वर मंडहु ॥ नातर नगर महोबो छंडहु ॥ सुवा मंजरि सोहि सालति दासी ॥ घायल हने अनाहक नासी ॥ पहिले जोम लरन को कीनो ॥ अब चंदेल कहा बल हीनो ॥ दोहा ॥ पहिले तुम ने यों लिखी जग

निकनौज पठाय ॥ आल्हा ऊदलि रूठि गये लावैं ता-
हि मनाय ॥ मास दोइ हम थंभिगये मानि तिहारी बा-
त ॥ अब आये आल्हा भये और रीति दिन सात ॥ कै
जु जुद्द बेगी करौ कै भाजौ तजि ठाम ॥ कै जु हमारे ह्वै
रहौ बसौ आपने गाम ॥ या प्रकार कागद लिख्यौ का
यथ चतुर सुजान ॥ जुद्द करौ छोंडो नगर दोऊ
बात सयान ॥ छप्पै ॥ लिखि पत्री पृथी राज जोगि चं-
देल सु कीनी ॥ क्षत्री धर्म धरि सीस सूर लोहा तन
लीनी ॥ करैं जुद्ध पद्धरो धार चंदेल रेवल कुल ॥ नात-
र धरनी ठाम रहो आधीन सबै तुल ॥ धरियो सुधीर
जस कार ने कारत ता सब छंडिये ॥ बुल्लाय कुमकज-
य चंद की सिंहन आदर मंडिये ॥ चौपाई ॥ क्षत्री धर्म
धरौ परि मालह ॥ करौ नरेश्य खर्ग न कौ ख्यालह ॥
कै तुम नगर महोबो छंडहु ॥ कै अब साज लरन को
मंडहु ॥ दोहा ॥ पत्री लिखि कासिद जबै बोल्यो राम
स्वरूप ॥ जाउ चंदेले पै जहां पत्री देहु अनूप ॥ या प-
त्री को आज्ञुही आवै जलद जवाब ॥ जुद्ध करौ छोड़-
हु नगर रहो हमारे ताब ॥ पत्री ले कासिद चल्यो गही
महोवे वाट ॥ गयो बेगि परिमाल पै जहां चंदेले ठाट ॥
॥ दिय कागज नृप नाथ कर देहु जवाब लिखाय ॥
ढील करौ मति तनक अब बांचि लेहु सुख पाय ॥ चौ-
पाई ॥ सुनी दूत की बानी राजा ॥ बांच्यो खत्त लिख्यो पृ-
थी राजा ॥ जे ब्योरे लिखि भेजे रातें ॥ ते परि माल बांचि
सब बातें ॥ तब सिर दारी सबै बुलाई ॥ राजा उर
चिंता बहु छाई ॥ दोहा ॥ बांचत ही राजा मह्रां परयो सो

च के कूप ॥ महला भोंपति आदि दै सबै बुलाये भूप ॥
छंद रघुन राज ॥ बुलाय राज आल्हयं ॥ करंत मंत्र
ख्यालयं ॥ बुलाय उद्दली नयं ॥ कुमार है प्रवीन यं ॥
बुलाय प्रोहितं लियं ॥ करंत मंत्र जे कियं ॥ बुला-
य कायथं कला ॥ सु चार बुद्धि में भला ॥ बुलाय रा-
जहित्रयं ॥ अनेक जुद्ध जित्रयं ॥ बुलाय भाट लीन
यं ॥ नरेस पाप की नयं ॥ बुलाय साह सुंदरं ॥ करं
ति बात इंदिरं ॥ चंदेल बीर धीरयं ॥ गहर वार हीर-
यं ॥ बुलाय राज इंद्रिरं ॥ मल्हन राति मंदिरं ॥ तहां
सु मंत्र कीनयं ॥ अनेक भर्म चीनयं ॥ पिथौरा दूत
आइयो ॥ तुरंत जुद्ध ठाइयो ॥ सिताव जुद्ध मंडिये ॥
नहीं तौ ठाम छंडिये ॥ कहै चंदेल आल्हतें ॥ करो सु
जुद्ध काल्हतें ॥ बुल्यो सु आल्ह नूपुरं ॥ सुनो चंदेल
नूपुरं ॥ करो सु जुद्ध दीन में ॥ दिवस्स दोय तीन में ॥
बिचारि लोग आपनो ॥ लरिद्दलं हना पनो ॥ पमार
मोरि गोढलं ॥ पमार जोर तोहिलं ॥ कमद्ध कूर मंझि
लें ॥ उमंडि सिंह लों चलें ॥ जहां सु चंद खीचियं ॥
भदौरा खेस धीचियं ॥ सुसीरव सोढ जारयं ॥ बनाफ-
लं जुझारयं ॥ गरूर गेह लोतयं ॥ बडी सुभीर होत
यं ॥ सुयेन बाल नोतयं ॥ भिरंत डोल होतयं ॥ छ-
पाल मंद वानियां ॥ कठेरि लोह जानियां ॥ पुंडीर दा-
हिमा मिले ॥ राठौर बीर हैं भले ॥ मिलंत परि हार-
यं ॥ चंदेल सेल मारयं ॥ चले बघेल आवयं ॥ अ-
नेक जाति वाइयं ॥ संभारि हाजिरी लई ॥ कितेक से-
नि हैं भई ॥ कही चंदेल आल्हयं ॥ कितेक सैनि भा-

लयं ॥ इंछे बना फलं कही ॥ हजारि साठि हे सही ॥ पचास पंग की भली ॥ करी सु दोईसे चली ॥ गयंद तीनि से इहां ॥ दलं दलं परें जहां ॥ कियौ हुकम्म जुद्धयं ॥ करो हथ्यार सुद्धयं ॥ चंदेल चेत की नयं ॥ निकस्सि डेरा दीनयं ॥ करें सु जोध मंत्रयं ॥ गुरू विसेष जंत्रयं ॥ दोहा ॥ एक लाख हज्जार दश सेना सब चंदेल ॥ करी पांच से सो सजी कियो बना फल पेल ॥ चौपाई ॥ सहर वाहिरे डेरा कीये ॥ मनमें करि करि करें हीये ॥ पांछें मस लंनि करो कराओ ॥ प्रथी राज कौं खत लिख वाओ ॥ दोहा ॥ लिखी पिथोरा कारनें सुनि संभरि के राय ॥ रेत वार दिन द्वादसी करें जुद्ध हम आय ॥ चौपाई ॥ लिखि पत्री का सिद्द पठायो ॥ जुद्ध चाव चंदेल करायो ॥ सव दल डेरा वाहिर कीनो ॥ यह परिमाल लिख्यो कर दीनो ॥ दोहा ॥ लिख्यो वांचि संभरि धनी कियो लरन को साज ॥ मानो रावण परि वहुरि को प्यो रघु कुल राज ॥ सुक्र वार नोमी निकट संभरि वीर नरिंद ॥ घोरन दल चंदेल को कियो नगारे नंद ॥ छंद चामर ॥ कीने निसान नंद पान वहसि सामंत सूरयं ॥ मरदन कराये अंग न्हाये पान खायं पूरयं ॥ उत सुनी अच्छरि खरी उच्छरि अंग मंजन कीनयं ॥ वहु फिरें हरषी वाल सुरषी नैन अंजन दीनयं ॥ हर्षे कपाली खुली ताली रुंड माली पूरयं ॥ चौसट्ठि अगन वधि उछंगनि हौरें अंगनि तूरयं ॥ पर चारि धामें चित्र आवें गीत गावें मंगलं ॥ चहु आन चंदेलं खुले खेल मेलं उच्छलं ॥ चौपाई ॥ सामंत सूर चढ़े

जुद्ध चावइ॥ सारस भारि संभरी रावइ॥ इतै सुभट्ट
कवच्च करलीने॥ उत अप्छरा सिंगार सु कीनें॥ दोहा॥
सूर कवच्च वाने बने मंगल भवन सु भाठ॥ उतै अप्छ-
रा तन सजें बरन बरन की चाव॥ छंद भुजंगी॥ इतै सू-
रन्हाये करैं ग्यान ध्यानं॥ उतै अप्छरा अंगमंडै सुभा-
नें॥ इतै टोप टंकारि ससि सूर मंडं॥ उतै अप्छरा कंचु-
की धारि अंगं॥ इतै सूर मोजा बना वंत भायं॥ उतै अ-
प्छरा नूपुरं पहरि पायं॥ इतै सूर सांगं बधें ताड तंपं॥
उतै अप्छरा जांधिया पहरि जंघं॥ इतै पांग पेचं सभा
रंत सूरं॥ उतै सीस फूलं गुह्या वंनि नूरं॥ इतै सूरिमा पा-
ग पैकिलस डोरें॥ उतै रुदु रंभा सु मांगें संभारें॥ इतै सू-
र सबै खरे रवर्ग तेजें॥ उतै अप्छरा अंजनं नैन अंजें॥
इतै सूर जस डाढ़ कै वाढ़ दीनें॥ उतै अप्छरा कंकनं पा-
न कीनें॥ इतै सूर सांगं लिये हाथ न्यारी॥ उतै अप्छरा
हाथ परमाल धारी॥ इतै सूर तुलसी न की माल नाई॥
उतै अप्छरा माल मोती वनाई॥ इतै सूर किरवान
कम्मान नाई॥ उतै अप्छरा चौंकि आंदै न चाई॥ इ-
तै सूर वीरं लिये हाथ नेजा॥ उतै अप्छरा आननं चंद
तेजा॥ इतै नंग सामंत घोरे न लीने॥ उतै अप्छरा मा-
जि बिम्मान कीने॥ कहै चंद ऐसो निबक्खोन सोई॥ क-
रन्यो समानं परी वीर दोई॥ चोपाई॥ परी सूर घरने
कबि ढोऊ॥ उत परि माल सजे दल मोऊ॥ दोइ कोस
को वीच सु कीनो॥ दुहुं दल आय पयामो लीनो॥ दोहा॥
नौमी तिथि सुक्र हि दिवस चंद्दे सकल सजि सूर॥
दोय कोस अंतर रहिव गहिव मुकाम जरूर॥ छप्पै॥

करि मसलति परि माल आल्ह ऊदलि ढिग बुल्लिक
अरु कायथ कल्यान धर्म धरि प्रोहित तुल्लिव ॥
बोल्लिव जगनिक भाट बोलि लकवन कभधुज्जह॥
बोलिव लाल्हन तुरक बोलि भोपति जम जुड्डह॥रा-
नी सु बोलि परदा रखिय देवल ढिग बैठारियव॥ प-
रिमाल कहैं सामंत सों तत्र सु मंत्र उचारियव॥ चौ-
पाई॥ बोलिव माला सहज सुजानहु॥राजा आल्हा
को मत मानहु॥ देवलि रानी ढिग बैठारो॥ पाछे
लरन को मंत्र विचारौ॥ राजा उठि भीतर को आयो॥
वाढी ढिग आल्हा बैठायो॥ रानी मल्हन दे अति बु-
ल्लिव॥ पाछे बात मंत की खुल्लिव॥ तेज पिथौरा को
अति कहिये॥ तासों जुद्द कौन विधि लहिये॥ हारें
नगर मकोवो छूटै॥ डंड दंहिनो आप जस फूटै॥ फि-
र देवल देवो लिव वानी॥ सुनो श्रवण राजा अरु रा-
नी॥ नीको होय करो सु विचारो॥ परि गह बोलि मंत्रो सु
उच्चारो॥ देवल कही सबै यह भाखों॥ रामायण भा-
रत की राखों॥ स्वामि सां कौं छांडन कहैं॥ चंद सूर
लों नर्क हि रहैं॥ अपनों स्वामि सांकेर छांड़ै॥ आपु-
न आय फेरि घरु मांड़ै॥ पौन नीर नौलों नर्क हि परई॥
ताकी साखि व्यास जन भरई॥ खाय खाय पर लोक
निछौरै॥ अपनो अंग जोम सों टोरै॥ तासों जार जाति
को कहिये॥ असल बीज रजपूत सु लहिये॥ खावि-
द राखै आपु सु मरै॥ छत्री धर्म सीस पर धरै॥ माया
धर को दूरि जु खेधै॥ वेनर सूरज मंडल वेधैं॥ मोहि
आसरा जा की भावै॥ वेटा की कछु याद न आवै॥ वे

जीवत सत करियें नारी ॥ पारवती के अंश निहा-
री ॥ बोले आल्ह सुनौ हो माता ॥ कलि जुग में राखो
इहि बाता ॥ संभरेश की फौज बिभारैं ॥ सामत खंड
खंड करि डारैं ॥ तो कुल काज चढ़ाऊं पानी ॥ भुव
मंडल में चलै कहानी ॥ इंदलि की रख वारी कीजो ॥
देवल दे की लाज निवाजो ॥ मल्हन दे बोली तव वानी ॥
आल्हा सीख हमारी मानी ॥ सामत सूर विषम अति
सुनियै ॥ राखौ देश डंड दे गुनियै ॥ उदलि बैन तम-
कि करि बुल्लिव ॥ अब इन बातनि काहे खुल्लिव ॥ घा-
इल भारत मैं वर जानें ॥ अब कौं माता भये सयाने ॥ दो-
हा ॥ चारि वार विनती करी मानी नहीं लगार ॥ अव कौं
राजा समझि यो लखि सामंत नि भार ॥ हम होते निर-
खें नहीं बुरी तिहारी नरेस ॥ कास आय जब विगरि
है महुवो नगर सु वेस ॥ तुम आगें परिमाल जूम-
रि हैं दोऊ भाय ॥ वरे अपछरा रंभ जवहि राज चंदे-
ल सु जाय ॥ हैन हार को मेटि है कही दिवल दे सुद्ध ॥
नोन सीचि चंदेल को पूत सुधारहु जुद्ध ॥ ससत नि क-
रि वाहिर कढे आल्हा उद्द नरेस ॥ उते मारि पज्जारि-
कैं चामड धायो देस ॥ जारि गांव उज्जारि कैं लूटी रि-
द्धि अचेत ॥ छैरिलैरी चंदेल जूथो रो जोरी खेत ॥ इत-
नी सुनि, आल्हा सुभट उठ्यो लाल करि नैन ॥ चलौ स-
ङौ ढील नं करौ कहै तेज हो बैन ॥ तव वरजे परिमाल
नृप आजु शनीचर वार ॥ काल्हि करौ पृथी राज सौं
चौरें जुद्ध विचार ॥ जा धरती को खाय कैं धूआं देखैं
कोइ ॥ कहैं आल्ह परिमाल सौं ऊंची धर्म न होइ ॥

रवा इंद की देखे बुरी अंग रखावन सूर॥ कहै आल्ह रजपूत को दीजे नर्क जरूर॥ रवा इंद को घर ताकि कै इंद्री रस हि कराय॥ कहै आल्ह रजपूत सों गहरे नर्क पराय॥ चेरी सों हांसी करे प्यार नृपति सों युद्ध॥ कहे आल्ह रजपूत सों कीजे पान विरुद्ध॥ आल्हा कही सबै सुनी तन की मन की बात॥ सूरज मंडल बेधि हैं ते छत्री छिन छात॥ राजनि आगें पैज करि कही वना फल सोइ॥ प्रात करों पृथी राज सों जंग विरुद्ध इ होइ॥ सबही को नृप सीख दै गेर महल फिर आय॥ रानी सों मसलत करै मन धरि चिंता लाय॥ चौपाई॥ बोलि चंदेल सुनो हो रानी॥ अब तो दोष पाछिलो मानी॥ आइ चढ़ेो चहु आन हकारे॥ करता विन को है रखवारे॥ रानी कहै सुनो हो राजा॥ करो सबेरें सैनि समाजा॥ प्रात जुद्ध कीजै आभूतं॥ मिलि है राज दुहूं दल दूतं॥ आल्हा गयो हवेली आपुन॥ ऊदलि इंदलि मिलिन समातुन॥ भोजन कीनो एकहि होइ॥ इंदलि सहित मिले सब कोइ॥ गेर महल वहां कंदप खुल्ले॥ अधरामृत अमृत सम तुल्ले॥ छप्पै॥ पहर निशा पिछिलिय जागि उठि नीर मगाइव॥ करि व न्हान दै दान ध्यान गोरख को लाइव॥ कियो बभाफल होम नव ग्रह पूजा कीनी॥ हनू पताका जंत्र धारि सोभित भुज दीनी॥ आइयो तुरी पाछिले पहर तापर असवारी कियव॥ सजि चले लरन चहुं आन सों हत्थ वीर लोहा लियव॥ तवहि उदलि लिय बोलि कही बातैं समझाइव॥ पृथी राज चहु आन

पैज करि करि चढ़ि आइव ॥ लेइ वार कर तेग देकु दुर्जन के धाइव ॥ लरो करोरन आजु अवनि पै सुजस चलाइव ॥ धरि योन पाउं पाछें अडटि सूरन सों संग्र मस च्यो ॥ राखियो नाम जस राज को सीस छांड़ि रुंड-हि न च्यो ॥ चौपाई ॥ इह सुनि उदलि वचन उचारि व ॥ भाई तुम नीकी सु विचारि व ॥ सामंत नि सों खर्ग नि-खेलइ ॥ पृथी राज सों ठडु न ठेलइ ॥ देवंल कहै सुनो सुत दोई ॥ नैंन हलाहल करो तुम सोई ॥ खांड़ं दके आगें सिर दीजे ॥ निर्भय राजा स्वर्ग को लीजे ॥ नव ठकु रानि ऊदलि की बुझिव ॥ सुनि हो सासु बचन इमि सुझिव ॥ निहचै वेद नरक हित भाख्यो ॥ पीवम-रत तिरियातन राख्यो ॥ दोहा ॥ पी असृत तिरिया रहै करैं पूत की आस ॥ सो रानी निहचै लहै महा नर्क को बास ॥ पीय सुर नमाही मरें रानी सती न होइ ॥ अगति जाय भटकति फिरें कहै गोरिजा सोइ ॥ पिय साथे तन आदरे सौंपें सकल शरीर ॥ उह रानी रज पूत नहि परें नरक की भीर ॥ भयो प्रात परि माल उ-ठि न्हान दान दे भूर ॥ कियो नगारो फौज में भयो त्या-र सब सूर ॥ चौपाई ॥ राजा जागि नगारो कीनो ॥ आ-ल्हा काजे आय सु दीनो ॥ सही नाद बाजी सहनाई ॥ बजी पाखरैं हैं वरठाई ॥ छंद पद्धरी ॥ बुलाय आल्हा ऊदलि इ राज ॥ कीनो सु नगारो वंव साज ॥ बुलाय पुत्र नृप संग लीन ॥ विलहना सूर वाठे न कीन ॥ चंदेल कही सुनि आल्ह सूर ॥ घोड़े सु बांटि दीजे ज-रूर ॥ तब सुनी आल्ह विधा नि धान ॥ घोड़े मगाय

बोले जु वान ॥ दल ठेल तुरी कदलि हि दीन ॥ कुम्मे-
दरंग सुंदर नवीन ॥ बोदलाढियो नव लेस काज ॥ तु-
रकी तरेर सा हर समाज ॥ हरि पाल के हरी वाजिह्या-
ल ॥ चंचल सुचित्त सुंदर सुचाल ॥ भोपत्ति काज (
दिय जंग जीत ॥ सुरखा सुरंग सुंहे अबीत ॥ नारे
न काज दिय तेज रूप ॥ ऐ राकि जाति लिय नृप (
अनूप ॥ जग निक्क भाट बोल्यो हजूर ॥ दीनो अनू-
प हय राज सूर ॥ ताल्हन्न बोलि आगे नरेस ॥ दी-
नों कुरंग वाजीं सु वेस ॥ सासंत और अन्नेक नाम ॥
अन्नेक वाजि दीने सकाम ॥ पाइगा तुरी इक सतह-
जार ॥ दीनी सु बांटि करि करि विचार ॥ परि माल से-
नि हज्जार साठि ॥ साजियो सूर चंदेल घाटि ॥ पंचा-
स सहस जय चंद रौल ॥ ते किये सूर आगें हरौल ॥
हाथी सु दोय प्रात पंच फौज ॥ तीन सै पील जय चंद
चौज ॥ हय पीठि आल्ह अस वार होय ॥ परि माल राज
उच्चरिय सोय ॥ सब फौज आपु सिर ढार ईस ॥ सबजुध
लाज तेरे जुसीस ॥ उच्चर्यौ वनाफल सुनि चंदेल ॥ हे-
वर भगाय दल करि व पेल ॥ परि हार उच्चरि व सुन-
ह राज ॥ आसरे आल चढ़िये समाज ॥ पांच सै पील
आसंग पूर ॥ परि है सु भारता सीस चूर ॥ दूत सुनी वा-
त पृथ्वी राज पेल ॥ कीनी सुजुद्ध त्यारी चंदेल ॥ सुनि सूर
वीर चंडु आन रान ॥ वाजंत वंव समुहे नयान ॥ सुख (
थग कन्ह पुंडीर चंद ॥ विहसे सु सूर सुनि कन्ह दंद ॥
दिक्खियो फौज चंदेल राव ॥ कापंत देह डग मगात पा-
वाहग मूंदि वैन किल कार कीन ॥ आल्हन्न पास बुलवाइ

लीन ॥ मोपरन जुद्ध हे हे सुजान ॥ प्रथी राज फौज भारी भमान ॥ कीजिये आल्ह कछु अब उपाय ॥ संकट निवास मेरो मिटाय ॥ दीजिये दंड प्रथी राज काज। छांड़िये आल्ह संभरि समाज ॥ दीजिये सुता अध राज छांडि ॥ चढहु आन संग नहिं जुद्ध मांडि ॥ चौपाई ॥ कंपि कह्यौ परि माल नरेसह ॥ आल्हा आधो दीजे देसह ॥ लाख पचास दर्बि औ कन्या ॥ ले चढहु आन मिलाय सुधन्या ॥ छप्पै ॥ सुनिव आल्ह इमि बचन नयन रातें करि खुल्लिव ॥ दीन बचन रन चंढे राज ऐसो मति खुल्लिव ॥ एक लाख दस सहस सेनि मंडित चहूं ओरहु ॥ आपु राज देखिये मारि सामंत न तोरहु ॥ लडैं एक ते एक है देहि दंड प्रथी राज तब ॥ रण चंढे पाउ पाछे धरत क्षत्री धर्म घटि जाय सब ॥ कौं जगनिक सु पठाय मोहि कनवज ते बुल्लाव ॥ कैं राखौ प्रथी राज मास द्वै तब कौं सुज्जिव ॥ कांहे कों सजि सेन किये डेरा सन मुक्खहु ॥ कांहे रवत भिज बाय स्वरन की त्यारी रुक्खहु ॥ पहलेन दंड दीनो समुझि अब बानी कातरता करत ॥ तुम सिद्धि करो गढ़ कों अबै प्रथी राज सों हम लरत ॥ दोहा ॥ मलखा भोपति संगले दल ते कढे चंदेलापिली फौज प्रथी राज की खिली बनाफल सेल ॥ ब्रह्मजीत संग बाप के गयो करन गढ़ मांहि ॥ इते बनाफल ने करी चारि फौज रन मांहि ॥ छंद मोती दास ॥ लखि राजनि फौज चंदेल चले ॥ तिहि ऊपर कान्ह अमान पिले ॥ तब आल्हनि रोकि लिये सबही ॥ करिरवे हम जुद्ध खड़े अबही ॥ नृप की खुसी देखन कों गढ़ सें

हम जुद्ध करैं तुम सों अड़ैं॥ तंबकान्ह कही नृपभा
मि गैंगो ॥ तुम चाकर नें कहा जुद्ध रत्यो॥ जिय में प्र
भु हारि गयो जिन को॥ दल जीति सकै काहु कों तिन
को॥ तब आल्ह कही चहुं आन सुनों॥ तुम और
न में हम कों न गिनों॥ जिनि चाखि चना भ्रम सों नि-
रचैं॥ करि है-सब की फिर चैं फिरचैं न करौ अब
ढील घरी पल को॥ लखि यो तुम जुद्ध बनाफल को॥
इत लक्खि विलोकिय कौन धनी॥ चहुं आन बनाइय
चारि अनी॥ मुख अग्र सु कन्ह अमान कियो॥ भर
चंद पुंडीर सु संग दियो॥ तिन में परिहार सु लक्खन
यं॥ संग संकि मराहु सु अबल नयं॥ अचले सहरी
सिंघ सो गुरयं॥ जहं जादव राय सुर्भी स्वरयं॥ इतने
सिर बार अगो धरियं॥ फिरि दाहिनी बाजु कसो करि
यं॥ कछ वाह पज्जून सु पाल्हनयं॥ सिकवार जुझार
सु जाल्हनयं॥ नरसिंह पज्जार सु तोरनयं॥ संग
धामर धीर अमोरनयं॥ विभराज समाज सबंधर-
यं॥ संग दाहिमा सामत दावरियं॥ जहां खिच्चिय
देव सुजैत मिल्यौ॥ संग दाहुली राय अमार चल्यौ॥
दिशि दाहिनी सामन एकरियं॥ हनुमंत समानबली
बरियं॥ दिसि बाइय भीह चंदेल किये॥ अचलेसम
ले सिय संग दिये॥ दोइ दीन सुधीर गंभीर नरं॥ अत
ताइय संभर ईस बरं॥ जहां मल्ल चंदेल सु पूरनयं॥
दिय बाईं दिसा मुख नूरनयं॥ जहां सींनग मल्ल कमच्छ
मिले॥ परिहार सुनाहर संग चले॥ सल सामल सामंत
संग दिये॥ जहां खेत खगार निसंक लिये॥ कयमा

सक मध्धज्ज बिक्रमुयं॥ जहां गौर सु छत्रिय सो भूमि यं॥ हल कारिय सेन नरेस लियं॥ दिस पच्छिम सामत ये करियं॥ चतुरंगिय सेन बनाय लियं॥ मन सी मन में आवजुद्ध कियं॥ उत लक्खन फौज सु दोय कियं॥ हल कारिक मध्धज लोह लियं॥ कम धुज्ज सु लक्खन ताल्ह कियं॥ चहु आन सु मंगल संग दियं॥ सिक्र वार सु तोमर पाल्हनयं॥ जहां मोरियं रूप सुजा ल्हनयं॥ जहां अद्दव राय सु रूप धरं॥ तहां चालुक सारंग बीर वरं॥ तहं ताल्हन वेग हरोल कियं॥ दल बीस हजार सु संग दियं॥ विच तीस हजार सु गोल रची॥ सिर दार सु लक्खन संग सची॥ हय पीठि सु आल्हवना फल यं॥ तिहि अग्र सु ऊदलि है सु गयं॥ दिसि बाइय मोहन दास किसं॥ सुर कासिय जुद्ध को वर्न लियं॥ आर सिंह सु सिंह समाज वरं॥ गज राज सु साजि चलो अभरं॥ तहां सैंगर राय आमानभयं॥ जिन बाईं दिसा भरने अस्यं॥ दिसि दाहिनी ओर संचे सुरयं॥ दुनियं दल रोकि अनेक हयं॥ वरमें अति तोमर मोहन ये॥ परि माल सवै दल सोहनयं॥ महि कर्म सिवागर आगरयं॥ दलने भट दाहिनी ओर भयं॥ दल वानिया के सब संग चलं॥ मकरंद सु कायथ भूरि वलं॥ लखि देव करन्न सुरज्ज नयं॥ काम चंद सु हाय गुरज्ज नयं॥ बड़ गुज्जर वाग री पच्छिमयं॥ सब फ़ौज बनी सु भलच्छनयं॥ चौपाई॥ पंग पचास हजार चले पिलि॥ और पचास चंदेलन को मिलि॥ चारि फ़ौज आल्हा लखि सारद॥ थ

थी राज सों बीस हजार जू ॥ दोहा ॥ देखि फ़ौज परि मा-
ल नृप कांपि चल्यो तन पान ॥ दश हजार भट संग
ले गये महोबे थान ॥ मल्हन वे आवत लखे ब्रह्म जीत
परिमाल ॥ महा दुक्ख दारुन भयो बाढ़ो कोप करा-
ल ॥ छंद भुजंगी ॥ कही बात रानी महा राज ऐसे ॥ अनी
छोड़ि आये इहां आप कैसे ॥ सुनी बात राजा कही रा
जा रानी ॥ पृथी राज कों देखि कें भीति मानी ॥ सुता रा-
ज आधो विचारो सु मैंने ॥ मिलों लाख पंचास लै द्रव्य
वैंने ॥ नहीं आल मानी कही आजु मेरी ॥ कही जाउमो
सों कलिंजरकानेरी ॥ करैंगे पृथी राज सों जंग भारी ॥
कहो जो बाकू सो करें आजु प्यारी ॥ कही नागडेरो सु
चंदेल बानी ॥ ब्रह्मा जीत की ओर रानी रिसानी ॥ अरे पूत धिक्कार
मो कों महा है ॥ किदु कर्ण पक्ष सी न जाने कहां है ॥ नहीं जानती बीजचंदे
ल का को ॥ कहा या सुम् वोरिया पूत जाको ॥ भयो कु-
खि मेरी बड़ो दुःख मो कों ॥ परे कूप क्यों नाहीं ठौर तो-
कों ॥ सुनी मात कीयों ब्रह्मा जीत वानी ॥ भयो दुक्ख
मन में सु धिक्कार मानी ॥ अरी मात मो सों कहे वैन कै-
से ॥ हनों चाहु आंन करी सिंह जैसे ॥ कह्यो कौं नमा-
निये सासन पिता को ॥ लगे दोष भारी कहों मैं हिता-
की ॥ भयो वृद्ध राजा गई बुद्धि जाकी ॥ भयो का जो भ-
ई दसा हीन ताकी ॥ लये जीति कै देश अन्नेक जानि ॥
परवासों सही सिंधु में खर्ग नाने ॥ दिना फेर की वात
माता न जानी ॥ बली स्यार तें होत कातर सुमानी ॥
इन्हें देखि व्याकुल सु आयो करन में ॥ अबै जाउं गोमा-
तहां ई लरन में ॥ करों गोधरा में बाकू नाम ऐसो ॥ लरों

गां सुनोंगी भवण मांहिते सो ॥ करों ऊजरी को रिव ते-
री मल्हा ही ॥ सुजंस को लहों आजु रन में लहाही ॥ पि-
ता की करो सेव चिंता न कीजे ॥ पति व्रता ही को महा
धर्म लीजे ॥ छपै ॥ सुभट सूर ब्रह्मा जीत वचन जिमि
दुभि प्रचारिव ॥ संभरेस की मारि फौज सव सूर विता
रिव ॥ हरहुं गर्व चहुं आन लरहुं विन सीस धरापर ॥
करहुं सुजस जग माहिं भरहुं खप्पर जुगि निवर ॥ गि
द्धनि अघाइ पूरन करहुं शिव माला हरण वरहुं ॥ श्रो-
णित समुद्र तरि जाहु मा मल्हन दे उज्जल करहुं ॥ दो-
हा ॥ ब्रह्मा जीत आयो वगदि छत्री धर्म विचारि ॥ लर-
न परन मन में करन पृथी राज सों रारि ॥ जुरी अनी
सूरनि दर्पटि लरन हुं कारि हुंकारि ॥ दुहूं दलन के वी-
च में होत भार ही भारि ॥ छंद भुजंगी ॥ दुहू सेन मिल्ली
दुहूं वाग लीनी ॥ दुहूं धारि धर्म वरन अष्ट कीनी ॥ दु-
हूं सोग कड्डी दुहूं कोर वड्डी ॥ दुहूं वाक वानी सव दूंव
चड्डी ॥ वजैं भेरि नीसान जंगं तवल्लं ॥ वजैं शंख तुरही ह-
थंलं मुसल्लं ॥ दुहूं नाद कीन्हे सुरं शंख भारी ॥ दुहूं नामहे
के सु हैहै हुं कारी ॥ कहै चंद ऐसे सुनो चाहु आनं ॥ च-
ला ओ सुने जासु वाई भुजानं ॥ मुखं मंत्र जंपे सुदुर्ग भवा
नी ॥ मिलाओ वलं बांधि धावे जमानी ॥ आगे की नसे-
ना सु चंडोल हाथी ॥ रहैं पुट्ठि असवार विलहंत साथी ॥
नचायं तुरी कान्ह पट्टी उठाई ॥ किधों राम पै राम भौंहे च-
रुढाई ॥ आगे आप हाथीन पै हाथ वाहैं ॥ वरं दंत रवैं-
चे उपारें उमाहैं ॥ उपारें दंत वली वाकु जोरैं ॥ गहैं सु-
न्ड सुडाव गासें झकोरैं ॥ कान्हं डाल सुंडान पै तेग लावैं

गहैं कोपि दस्सं धरन्नी मिलावैं ॥ कहूं अंग घायं कहूं
कीन रौरैं ॥ कहूं मारु मौरैं कहूं सूरं दौरैं ॥ कहूं पील सुं-
डं पकरि खैंचि मारैं ॥ कहूं सूर सीसं सिरं तेग झारैं ॥ कहूं
कायरं खाय भै जाय भाजैं ॥ लरैं सूर केते रनं लाज लाजैं ॥
कहूं बीर बाने तराने तराजैं ॥ कहूं युद्ध के आयुधे हाथ
साजैं ॥ कहूं कोकि हीकं कटारी चलावैं ॥ कहूं भल्ल नारा च सुंडी
बहावैं ॥ कहूं कंध वंधं कहूं रुंद हीकं ॥ कहूं घाव जुन्नी कहूं पीक ली-
कें कहूं हक्क धक्कं दुहूं सेनि सोई ॥ वज्जा मेंघरं लोहनि मोह
होई ॥ करैं खंड खंडं अखंडं असवारे ॥ किते एक जोधा-
न के सीस फारे ॥ बरं सांगि लागे उरं फार होई ॥ गिरैं न-
हू वासे काला चूकि सोई ॥ लगैं तीर हीकं हियं होस भा-
जैं । गड़ैं धार हूं के धरन्नी समाजैं ॥ किते मारु मारं किते
हाय हायं ॥ किते पाय प्यादे लरैं चाय चायं ॥ गिरैं सीस ए
तेगं गुहैं गौर मालं ॥ मनों भांस फांसी उतारं कुलालं ॥
चलैं बीर बैताल हालं भचंडं ॥ लरैं पंड वासे करैं खंड
खंडं ॥ भुसंडैं वडैं सो भुजा जंघ अंगं ॥ अखंडं बली धीर
धारं अभंगं ॥ वहैं कंधरी वाम बेधं खुलामें ॥ परैं मुंड-
धरनी सु रुंडं नचामें ॥ गुरंजं वहैं सीस मानी भवानी ॥
वरच्छी तिरच्छी लगा में अमानी ॥ वहैं खंजरं मारु मा-
रंत तारं ॥ परैं पील धरनी समानं वितारं ॥ करैं वार हूं-
का कटारी करूरं ॥ परी मारु मित्रं पेर चक्र चूरं ॥ ऐसी-
भांति कान्हं कियो जुद्ध भारी ॥ मिट्यो ध्यान अंवा खुली
रुद्द तारी ॥ दोहा ॥ कन्ह कटक कीन्हो कहर हटक परी म-
न माहिं ॥ भटकि भीर भाजि वली को रुव गादतु नाहिं ॥ छंद
रसावली ॥ कन्ह कोप्पो जवै ॥ कीन जुद्दं तवै ॥ घाय स-

धै घली ॥ सर्व फौजैं दली ॥ धाय सूरं गहैं ॥ डारि धर
नी रहैं ॥ सार वाणं कियं ॥ खाय सेलं लियं ॥ राय राजं
दुखं ॥ खाय रारैं सुखं ॥ वीर नादं रचैं ॥ चाय केते मचैं ॥
वीर वानं धेरे ॥ खाय सूरं भेरे ॥ फौज कंपी जवै ॥ कन्ह र
हे ख्यो तवै ॥ छप्पै ॥ देखि कान्ह को जुद्ध आल्ह लक्ख-
न सी वुझ्झिव ॥ ताल्हन वेग पठान रूप मोरी रघ खुझ्झिव ॥
सो लंखी वीर के सरी वीर कल्याण वीर वर ॥ तोमर वो
हिंत वीर धीर वोले सु पीर पर ॥ चढ्ढं आन कन्ह भांरि
मघल्ल जुद्ध करी सव एक है ॥ दल थंभ आपु हय कं-
ढ्डि कै संभारो सेना सबै ॥ ताल्हा हय दौरा इकै संभारी
सव सेन ॥ लेहु लोह सव हाथ में लरौ करौ दिय मन ॥
छंद पद्धरी ॥ धामंत ताल्ह संभारि सेनि ॥ सिरदार आठ
वर गहे तेनि ॥ गोइंद राय हरि पंद सोन्ह ॥ इक्कलवला-
इ दल सल्लख लोन्ह ॥ मोरी सरू सेंगर अमानि ॥ जादों
सु दंद वर गह्यो पानि ॥ मंगल्ल चौहान तोमर जुवान ॥
चालुक्क के सरी सुवल मान ॥ वड़ गुज्जर राना महावा-
हु सुज्जान वैस संभरि सुचाहु ॥ नर हरि यं वैस कामथ
कल्यान ॥ सेंगर वराय जाल्हन जुवान ॥ वघेल सूर पू-
रन अमोर ॥ लोधी सुसीस रामं सु जोर ॥ गोकुल सु व-
घेलो रूप राज ॥ गोतम जुझार इंदलि समाज ॥ पाल्ह-
न पमार भग वान सूर ॥ निंडुर हराय डोंगर जरूर ॥ जा-
गनि कू भार जाल्हन जुवान ॥ दिनियां सु वैसुवा सुव-
ल वान ॥ कादुल्य कर्म चंदं वलिष्ट ॥ मकरंद जालु श्री
धास दुष्ट ॥ हरि यंद देव कान दुरित जोर ॥ किरपा सु-
गौर जुद्धं अमोर ॥ मंदोर भूपनि नराज सूर ॥ कच्छ वा-

हू राम खींनि सु नूर ॥ गंभीर तेग खंज्ञान नाह ॥ अनु
म्हू सिंह सेंगर सु नाहु ॥ विर सिंह बीर सुर रवी सु मूर ॥
जदूं वा राय कम नेत पूर ॥ परि माल सेंनि इतने हजू-
र ॥ नवरंय राय रघु वंश सूर ॥ प्रथी राज सैंनि सामंत
दंद ॥ कयं मास कान्ह पुंडीर चंद ॥ निंडुर हराय पज्जू-
न मोन्दु ॥ वीरं वलिष्ठ नर सिंह लोदु ॥ हाहुली राय हं-
मीर धीर ॥ लक्खन पमार सज्जोग हीर ॥ रावन्न राम तोंव-
र पहार ॥ संकिमां राय विर सिंह सार ॥ वर अत्त वायं
चहुं चान बंक ॥ नर नाह कान्ह आगें निसंक ॥ चामंड
राय धामर सु धीर ॥ खेता पमार पाल्हन सु वीर ॥ प-
रि माल मेन लक्खन सु धाय ॥ प्रथी राज सेंनि निंडु-
र हराय ॥ धाये सु दोऊ सुक मेल कीन ॥ धरि धर्म हा-
थ किर वान लीन ॥ दोहा ॥ लक्खन सी परि माल दल
निंडुर दल चहुं आन ॥ आहुरि यो सामंत रनत सें ।
वीर समान ॥ चौपाई ॥ लक्खन पंग भती जो इत में ।
प्रथी राज निंडुर दल जित में ॥ एहे वीर आहुरे जंगा-
ह ॥ लाल चंदेल संभा रयो संगाह ॥ छंद तोटक ॥ लखि
लक्खन निंडुर सी भरन्नं ॥ चहुं आन चंदेल निरक्खि
भवन्नं ॥ कम धुज्ज सु दोऊ अकोर अरे ॥ वह लाज
ज जीर नि सों ज करे ॥ हल कारि दुहूं जन लोह लियं ॥
निरखे चहुं आन चंदेल लियं ॥ लगि तीर सना हनि
पार कियं ॥ मछुरी मनो जाल में मुक्त लियं ॥ लगि सेल
वरक्खतर पार भये ॥ सुख पन्नग वारि में काढि ल-
ये ॥ किर वाम चहें भुज दंड मयं ॥ तरबूज मनो हर
कंत मयं ॥ तरवारि चलें दुहुं ओर लरं ॥ विन सीस लरें

सिर टूटि परं ॥ गहि लेत गयंद नरिंद करं ॥ पकरें क-
र सुंड फिराय तरं ॥ उच काय के पुच्छव नील हिवं ॥
हनु वंत दौना गिरि लौं गहियं ॥ हय के गहि पाय पर-
छि धरं ॥ नर वारि दई अस वार मरं ॥ इक सस्त्र लरैं
भर वथ्थ वली ॥ तहं श्रोणित की सरिता उच्छली ॥ इ-
हि भांति दुहूं जन जुद्ध कियं ॥ तजि संक निसंक समा
नि हियं ॥ जुरि लक्खन निंडुर वीर महा ॥ इनि दोउन
नें घड़ जुद्ध गहा ॥ दोहा ॥ लक्खन सी पारि आल दल निंडुर द-
ल चहुं आन ॥ आहुरि यौ सामंत ए सरसे वीर समा-
न ॥ छंद पध्धरी ॥ विरचियो लोह लक्खन सु धाय ॥
ता समैं कोपि निंडुर हिराय ॥ वाजंति जंब पील न सुधी-
ठि ॥ सैना सु जान की तेज डीठि ॥ इल कारि सेनि
किल कारि आय ॥ अप अप्प जीति चाहंत सु भाय ॥
लक्खन जुटंत वजरंग वीर ॥ निंडुर बराय सज्जंत
गहीर ॥ हं कारि शब्द वल करत हंक ॥ दल दप दृिस्स-
र दौरैं निसंक ॥ चिफरंत वीर वंरने त सूर ॥ सुद गल
उतंग मारत जरूर ॥ लगि खील खील ह्वैं जात सीस ॥
दश पांच आठ द्वे चारि वीस ॥ गहि सुंड सुंड फेरंत पा-
य ॥ हय फेंकि देत पूछैं फिराय ॥ मारंत पील तोरंत
सुंड ॥ वाहंत तेग डोलंठ रुंड ॥ गहि लेत एक कों एक
धाय ॥ गहि कमरि ज्वान मारत फिराय ॥ काकरं कि-
तेक कों पत डरात ॥ केतेक सूर वीरं लरात ॥ केतें-
क तेग लगि होत रुंड ॥ केते क हाव विन सीस मुंड ।
घायल कितेक धर पर अचेत ॥ सुहुं ओर जोर भयो
वीर खेत ॥ लक्खन हि संग ताल्हन पठान ॥ निंदुर

हसंग सेंना सुजान ॥ हज्जार संग, पंचास भीर ॥ लक्ल-
न हिसंग सज्जति गहीर ॥ सिर दार आठ कमधुज्ज-
संग ॥ दौरे सुगोल करिकें अभंग ॥ निंडुरह राय पर
हल्ल कीन ॥ ताल्हन पठान आगें नवीन ॥ इक लौजु दे-
खि निंडुर हराय ॥ आयेजु सूर परि माल धाय ॥ खोलि
यो आंखि पट्टी सु कान्ह ॥ ले करि गुरज धायो अमा-
न्ह ॥ सासु हैं आय ताल्हन्न वेग ॥ दीनी सु कन्ह के आ-
य तेगी ॥ दीनी गुरज्ज तालन्ह सीस ॥ है गये मूंड़ के-
टूक वीस ॥ रुंड हकारि फिरि हल्ल कीन ॥ कय मास
सीस में गुरज दीन ॥ फिरि दयौ कान्ह मुदगर फिरा-
य ॥ टूट्यो पठान धरनी पराय ॥ तव दई तेग कय मास
दौरि ॥ ह्वै गये टूक धरके वितौरि ॥ सौनिंग देखिता-
ल्हन्न काम ॥ चलियो जु साजि सेंगर सु ठाम ॥ इनमें
पज्जून कूरंम धाय ॥ सौंनिंग उतै सैंगर वराय ॥ लई
हाथ सांगि सेंगर सु सूर ॥ दीनी पजून के हीज-
रूर ॥ हीकं अपार चोटं लगाय ॥ पुनि लई तेग पज्जू-
नं धाय ॥ दीनी दुहत्थ सीसं उड़ाय ॥ गिरि परे धरनि
सेंगर वराय ॥ इत लगी सांगि हीकं अपार ॥ भंये अति
अचेत पज्जून सार ॥ फिरि पिल्यो रूप मोरी मरद्द ॥
केतेक सूर वरधे जरद्द ॥ चंदेल फौज के सूर धाय ॥
मंगल चौहान नौरे नराय ॥ केसव सुदा समरून अमा-
न ॥ सिर दार आठ सुंदर सुजान ॥ मच कंति धर-
नि लच कंत सेस ॥ कस कंत कूर चंदेल देस ॥ वा-
जंत वज्र करि सभरि सार ॥ मानों करंत परवत्त पा-
रव्वत रपी रज्ज के सूर धाय ॥ सिर दार आठ भांजे सुभा-

य॥ छप्पै॥ हनि ताल्हन पठान कन्ह नैं काटे प्राणह। सेंगर सो निग पेरे घाउ कीन्हे वहु ज्वानह॥ लड़े एक तें एक रुंड खेले विन सीसह॥ कन्ह गुरज्जह मारि कै ताल्ह सिर कीये वासह॥ और हजार रजपूत कटि हाथी पंच पचास गिरि॥ चहुं आन हांक सामंत करि चली पंग की फौज फिरि॥ दोहा॥ पृथी राज दल मैं परे हाथी मस्त पचास॥ अरु हजार रज पूत कटि घायल सूर प्रकास॥ कछ वाहि पज्जून के लगी सांगि वहु सोइ॥ परी मूर्छा धरनि पै है सामंतन खोइ॥ भजी फौज ला खन लखी वाल्हन आये काम॥ हांक मारि कम धु- ज्ज नें वल करिकें दल थाम॥ चौपाई॥ जुरी सेनि भा- जी सब सोइय॥ फिर रज पूत एक तन होइय॥ जुरी सेनि छत्तीस हजारह॥ भये अगारी फिर सिर दारह॥ निंडुरह राय फत्ते सिर बुल्लिव॥ वीर वीर तन में रस फु- ल्लिव॥ जुरी जंग फिर सामंत धाये॥ आयुध लये क्रो- ध वर छाये॥ छंद मोती दाम॥ हजार छत्तीर जुरे रन जुद्ध॥ सजे कमधुज्ज सु लक्खन सुद्ध॥ हुते भर- लक्खन नामिय जुद्ध॥ उतै रुप्यौ निंडुर राय सों जुद्ध॥ भये भर लक्खन नामिय सुद्ध॥ वहैं फिर वान सु ज्वान न हत्थ॥ करैं दल हंक सवे समरत्थ॥ भभ क्कति से नि चट क्कति तोप॥ कर कवत बान दुहूं दल कोप॥ भन क्कय वान सु पंजर वेधि॥ कर कवैं कमान दुहूं कर छे- द॥ लगैं उर सांगि सु पील गिरंत॥ सनं मुख सूर उपा रत दंत॥ धरैं कर खप्पर जुग्गिनि जोर॥ हंकार डिडो- लति वोलति सोर॥ लगै सिर लेग नि सूर परं॥ तव-

ही सु वरं गल्ला आय वरं ॥ लगैं लरै खंजर पंजर पार॥
करैं किलकार सु जुग्गिनि लार ॥ झट झत एकन कों
गहि एक ॥ पट झत जाय धरापर टेक ॥ लुट झत सी-
स छुट झत सूर ॥ चट झत तोप भट झत भूर ॥ सट झ-
त तेग नट झत निद्ध ॥ पट झत वीर गट झत गिद्ध ॥ ठ-
ठ झत कायर धायन देखि ॥ छट झत सूर धरा पर
पेखि ॥ वहैं फिर वान परैं सिर सूर ॥ करैं वपु रोस-
दुहूं दल पूर ॥ मिले दल लक्खन निंढुर राय ॥ भये
हग चारि फिरे लिय आय ॥ लई कर लक्खन तेग स-
हाय ॥ दई सिर निंढुर के सुख पाय ॥ कढ्यौ लगि टो-
प लगी सिर आय ॥ परैं धर मूरछि निंढुर राय ॥
लख्यौ जब लक्खन कन्ह सु धाय ॥ लये सु कमान
दिये सर आय ॥ उठ्यौ जब निंढुर लीयें गुरज्ज ॥ द-
ई वर लक्खन सीस सुरज्ज ॥ हजार कढूवा भये सि-
र सोइ ॥ परे धर लक्खन लक्खन होइ ॥ भयो फिरि
मूर्छा निंढुर राय ॥ गह्यौ धर लक्खन अंत सु पाय ॥
लई फिर वान सु कन्हर कोपि ॥ चले कय मास लये
मुख ओपि ॥ हुते सन मुक्ख सु बाबुल सज्जि ॥ भये
भगवान हरोल सु गज्जि ॥ चले दल पत्ति लिये कर-
वान ॥ चले नर बद्द नरायन ज्वान ॥ मुकंद सु का-
यथ छप्प सु होइ ॥ हुते जुर पंग की फौज में सोइ ॥ हु-
ते भय चंद पुंडीर जुमान ॥ उतै भय बाबुल औ भगवा-
न ॥ लयौ खग चंद पुंडीर सु कोपि ॥ दयौ भगवान
के सीस में रोपि ॥ लयौ सिर पार धस्यौ धर धीर ॥
तवै उत आइय बाबुल वीर ॥ नरायन दास नर व्वद को-

पि ॥ मिले दूत कन्हर आय सु रोपि ॥ मुगदर कन्हपे-
तीनि सुडारि ॥ लगे नहि नैंक सनं मुख चारि ॥ गहे
जब कन्हर तीनों चरन्न ॥ पटक्कियले करि पीन धर
न्न ॥ भये धर चून गये जम लोक ॥ भगी जय चंद की
फ़ौज स सोक ॥ दोहा ॥ भजी सैंनि सिर ढार है यां भी-
दल पति दौरि ॥ जात कहा भाजे करो पृथी राज़ सों रौ
रि ॥ छंद भुजंगी ॥ पिल्यो बैस दल पत्ति संन मुकव
सूरो ॥ गहें तेग हत्थं समत्थं गरूरो ॥ पिल्यो जंपि यो-
जो धमक रंद वीरं ॥ अखारे पडे लैंप चारे अधीरे ॥
धरें नौंन सीसं मरें खेत ढेतं ॥ फते स्वामि रद्दैं भये
जो अचेतं ॥ वजे नाल गोला हयं सीस रक्कें ॥ किते का-
यरं अंग जंगं करक्कैं ॥ मिले हत्थ हत्थं समत्थं सुवा-
नी ॥ मनो ध्यान खेलंत हेरी रमानी ॥ फुलें फूल फूलें
मैं की ले करक्कैं ॥ किते कायरं भाजि न्यारे फरक्कें ॥
इते चंद पुंडीर मकरंद धायौ ॥ दुहूं हत्थ तेगं हयं
सो न चायौ ॥ तवे चंद बोल्यो सुनौं कायथ ढहो ॥ करो
जाय लिखनी कहा जुद्ध कढ्ढो ॥ सुनी चंद मकरंद
मुक मेल कीनो ॥ लयें हाथ तेग अवेग नवीनो ॥ दई
चंद पुंडीर के सीस जानी ॥ मनो वीज आकाशतें झिल
मिलानी ॥ लटक्कें सु चंदं धरा मूरछायौ ॥ तिही ऊपरं
दौरि कय मास आयौ ॥ दई आय कय मास मकरंद
ईसं ॥ गई अंग संगी भई पार सीसं ॥ भई लागि न्या-
री सिरं पार दोई ॥ मनों वाटिये फांरि तर वूज सोई ॥
परौ कायथं सो धरंनी धरासें ॥ नरौ अपसरा लै-
गई लै वरा सैं ॥ गिरौ देखि मकरंद दल पत्ति धायौ ॥

लये हाथ कुत्ती हयं सो दवायौ ॥ दई आपही कंकयं मास पीकं ॥ भ्रमी सात वारं गिरौ सूर सीकं ॥ लख्यो कान्ह कय मास सो सूर आयौ ॥ दले पत्ति पै आय मुगदर चलायौ ॥ भयौ चूर चूरं दलं पत्ति खेतं ॥ भयौ चंद पुंडीर दल में अचेतं ॥ चौपाई ॥ कहैं आल्ह उदलि सुनि भाई ॥ कनवज कूम क काम सब आई ॥ लाखन तल्हन बचन निवाहे ॥ पृथी राज दल खर्गन गाहे ॥ दोहा ॥ कही बात कनवज्ज में मो सांचो कर दीन ॥ लंडे अरे मारे बहुत छत्री धर्म सु चीन ॥ [illegible] जीत बुलाय कैं कहे आल्ह इमि बैन ॥ जाउ आपु परि माल पै करौ महोवे चैन ॥ छप्पै ॥ उचरि आल्ह इमि बचन सुनौ ब्रह्मा जीत सु कान्हह ॥ आपु जुद्ध रण छंडि जाउ जीवत घर मानह ॥ हम मरि हैं सब सुभट काम आमें धर काजह ॥ तुम कालिंजर जाउ मिलौ चंदेल समाजह ॥ कीजियौ बैन अज्ञान तजि दंड दर्वि सुखभक्खियौ ॥ मिलियौ सुराज चहुं आन सौं नगर महोबो रक्खियौ ॥१॥ सुनिब आल्ह की बात कही ब्रह्मा जीत कुमारह ॥ पृथी राज सौं करें जुद्ध कीजे नहि बारह ॥ लरैं धरैं इह टेक करौं खर्गन कौ ख्यालह ॥ आपु जुद्ध मन नाहिं कहौ मो सौं दर हालह ॥ खंडौ सु फौज पृथी राज की गम साखि ऐसें कहत ॥ देहुं सांगि चहुं आन कै डारिदेहुं आसन सहित ॥ छंद पद्धरी ॥ उच्चरे ब्रह्मा नंद सुनौ आल्ह ॥ चलिये जु सूर सामंत चाल ॥ लीजिये बाग निर मोह होय ॥ करिये न दूसरी बात कोय ॥ किज्जिये जुद्ध अब मोह छंडि ॥ चहुं आन रान कै गर्व खंडि ॥ सुनिं

